# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## भारत छोड़ो आंदोलन स्मृति दिवस – 2026

डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के प्रांगण में 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस'का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। माननीया प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम. के मार्गदर्शन में कक्षा सातवीं, आठवीं, नौवीं एवं पब्लिक स्पीकिंग क्लब के विद्यार्थियों ने इस महत्त्वपूर्ण दिन पर एक विशेष सभा का आयोजन करके मातृभूमि और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान दिया।

इस उत्सव का प्राथमिक उद्देश्य भारत छोड़ो आंदोलन के ऐतिहासिक संदर्भ, महत्त्व और प्रभाव को समझने में छात्र-छात्राओं को शिक्षित करना था। इस महत्त्वपूर्ण घटना के बारे में ज्ञान प्रदान करके, हमारा उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों की सराहना करना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण से हुई और उसके बाद नौवीं कक्षा की छात्रा प्रतिभा टी. ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर समस्त दर्शकों एवं शिक्षकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'ऐतिहासिक पुनराभिनय' था। इस नाटिका के माध्यम से छात्रों ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' के महत्त्व एवं स्वतंत्रता संग्राम में नेताओं के त्याग को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। तदुपरांत आठवीं  कक्षा के विद्यार्थियों ने 'स्वतंत्रता की गूँज' शीर्षक के अंतर्गत एक संग्रहालय भ्रमण का दृश्य प्रस्तुत किया, जिसमें भारत छोड़ो आंदोलन दिवस से संबंधित वस्तुओं एवं घटनाओं की जानकारी दी गई। भारत छोड़ो आंदोलन के उत्सव ने छात्र-छात्राओं के बीच भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में गर्व, कृतज्ञता और जागरूकता की गहरी भावना पैदा की और युवा पीढ़ी को बेहतर और उज्ज्वल भविष्य के लिए देशभक्ति, एकता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा नौवीं के मोक्षा मोहन ने कृतज्ञता भरे शब्दों से सभी का आभार व्यक्त किया। इस महान दिवस का समापन राष्ट्रगान और शांति पाठ के साथ हुआ।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

भारत छोड़ो आंदोलन स्मृति दिवस – 2026




'स्वतंत्रता की गूँज' - संग्रहालय भ्रमण